# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अम्बेडकरनगर।

चरित्र विकास भवन साबुन गली अकबरपुर-224122 ✉ eeupjn.cdambedkarnagar@gmail.com

पत्रांकः- 6987 / विविध 09 / 86 दिनांक- 20.08.26

**सेवा में,**

**मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण)**
**उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)**
**लखनऊ।**

**विषयः-** सोशल मीडिया में प्रकाशित शीर्षक **"कनेक्शन के बावजूद ग्रामीम परेशान, टंकी अधूरी और सड़के क्षतिग्रस्त"** के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक सोशल मीडिया में प्रकाशित शीर्षक **"कनेक्शन के बावजूद ग्रामीम परेशान, टंकी अधूरी और सड़के क्षतिग्रस्त "** की आख्या निम्नवत है-

| क्र0सं0 | प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|---|
| 1. | रामनगर में जल जीवन मिशन के तहत घरों में पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन देने के बावजूद ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। इसका मुख्य कारण पानी की टंकी का निर्माण कार्य अधूरा होना है। सड़कें खोदकर पाइपलाइन बिछाई गई हैं, लेकिन नल सूखे पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के अधिकारियों ने टंकी का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, मिशन के तहत गांव की सड़कों और गलियों में पाइपलाइन बिछाई गई थी। कई घरों तक नल के कनेक्शन भी पहुंचा दिए गए। लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही पानी की आपूर्ति शुरू होगी, लेकिन टंकी का निर्माण अधूरा होने से यह उम्मीद पूरी नहीं हो सकी है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बरसात के मौसम में खोदी गई जगहों पर कीचड़ और जलभराव के कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। अबू दरदा फारूकी, मोहम्मद फारुकी, जीशान मोहम्मद कासिम, इंतेखाब आलम और अनिल यादव सहित कई ग्रामीणों ने इस स्थिति पर चिंता जताई है। घरों तक नल का कनेक्शन पहुंचने के बावजूद पानी न आने से ग्रामीण अभी भी हैंडपंप और अन्य पारंपरिक जलस्रोतों पर निर्भर हैं। यह स्थिति जल जीवन मिशन के मूल उद्देश्य पर सवाल उठाती है।<br>ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि अधूरी पड़ी पानी की टंकी का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने पाइपलाइन के जरिए घर-घर नियमित जलापूर्ति शुरू करने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने की भी मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि टंकी का निर्माण और जलापूर्ति व्यवस्था जल्द शुरू नहीं हुई, तो घरों तक पहुंचाए गए नल के कनेक्शन केवल एक दिखावा बनकर रह जाएंगे। इससे योजना का वास्तविक लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पाएगा। | सादर अवगत कराना है कि जनपद अम्बेडकरनगर में 571 नग पेयजल योजनाए स्वीकृत है । विकास खंड रामनगर मे कुल 60 पेयजल योजनाएं स्वीकृत है वर्तमान मे कुल 21 पेयजल योजना का समस्त कार्य पूर्ण कर आपरेशन एण्ड मेन्टीनेन्स मे सम्मिलित करते हुए नियमित जलापूर्ति की जा रही है जिसके 10 नग पेयजल योजनाओं में ट्रायल रन का कार्य प्रगति पर है ट्रायल रन का कार्य माह-अक्टूबर-2026 तक पूर्ण कर O&M में सम्मिलित कर सभी मजरो नियमित जलापूर्ति की जाएगी । शेष 29 नग पेयजल योजनाओं का कार्य प्रगित पर है । योजना के समस्त कार्य माह-दिसम्बर-2026 तक पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति की जायेगी । |

**भवदीय**

**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः-**


**प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1- जिलाधिकारी महोदया अम्बेडकरनगर।
2- मुख्य विकास अधिकारी महोदय अम्बेडकरनगर।
3- मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) लखनऊ।
4- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अयोध्या।

**अधिशासी अभियन्ता**

# रामनगर में जल जीवन मिशन का पानी नहीं मिल रहा: **कनेक्शन के बावजूद ग्रामीण परेशान, टंकी अधूरी और सड़कें क्षतिग्रस्त**

परवेज़ अहमद | राम नगर(अम्बेडकर), अम्बेडकरनगर
9 दिन पहले



जल जीवन मिशन का पानी नहीं मिल रहा।

रामनगर में जल जीवन मिशन के तहत घरों में पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन देने के बावजूद ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। इसका मुख्य कारण पानी की टंकी का निर्माण कार्य अधूरा होना है। सड़कें खोदकर पाइपलाइन बिछाई गई हैं, लेकिन नल सूखे पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के अधिकारियों ने टंकी का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों के अनुसार, मिशन के तहत गांव की सड़कों और गलियों में पाइपलाइन बिछाई गई थी। कई घरों तक नल के कनेक्शन भी पहुंचा दिए गए। लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही पानी की आपूर्ति शुरू होगी, लेकिन टंकी का निर्माण अधूरा होने से यह उम्मीद पूरी नहीं हो सकी है।

पाइपलाइन बिछाने के दौरान कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बरसात के मौसम में खोदी गई जगहों पर कीचड़ और जलभराव के कारण राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। अबू दरदा फारूकी, मोहम्मद फारुकी, जीशान मोहम्मद कासिम, इंतेखाब आलम और अनिल यादव सहित कई ग्रामीणों ने इस स्थिति पर चिंता जताई है।

घरों तक नल का कनेक्शन पहुंचने के बावजूद पानी न आने से ग्रामीण अभी भी हैंडपंप और अन्य पारंपरिक जलस्रोतों पर निर्भर हैं। यह स्थिति जल जीवन मिशन के मूल उद्देश्य पर सवाल उठाती है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि अधूरी पड़ी पानी की टंकी का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने पाइपलाइन के जरिए घर-घर नियमित जलापूर्ति शुरू करने और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने की भी मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि टंकी का निर्माण और जलापूर्ति व्यवस्था जल्द शुरू नहीं हुई, तो घरों तक पहुंचाए गए नल के कनेक्शन केवल एक दिखावा बनकर रह जाएंगे। इससे योजना का वास्तविक लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पाएगा।